

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस
PATWAR
HIGH COURT
रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF
BANK
SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक
I<sup></sup>st ग्रेड
REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 30 October 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 30 अक्टूबर का इतिहास

- **1945 :** भारत संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
- **1956 :** भारत का पहला पांच सितारा होटल अशोक खुला।
- **1925 :** पहली बार लंदन में टेलिवीजन ट्रांमिशन हुआ।
- **2003 :** ब्रिटेन के राजकुमार प्रिंस चार्ल्स का भारत दौरा प्रारंभ हुआ
- **2003 :** अमेरिकी विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने पाकिस्तान को भारत के साथ शांति वार्ता करने को कहा।
- **1883 :** महान् चिंतक तथा समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती का निधन हुआ।

## 30 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- जलवायु पर संयुक्त राष्ट्र की 27वीं वार्षिक बैठक COP27 (Conference of Parties) 6 से 18 नवंबर तक मिश्र के शर्म-अल-शेख में होगी। यह पांचवीं बार होगा जब अफ्रीका में किसी जलवायु सम्मेलन की मेजबानी की जा रही है। COP27 तीन मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्र करेगाः उत्सर्जन को कम करना, देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने और तकनीकी सहायता प्राप्त करना और जलवायु गतिविधियों के लिए विकासशील देशों के लिए धन प्राप्त करने में मदद करना।
- दिल्ली में नगर निगम चुनाव से पहले अधिकृत और नियमित कालोनियों को बड़ा तोहफा मिला है। इन कालोनियों में रहने वाले संपत्ति मालिकों को छह और सात साल का बकाया संपत्तिकर जमा करने पर बीते 12 और 11 साल का बकाये के साथ जुर्माना आदि सब माफ हो जाएगा। राजनिवास में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने विशेष अधिकारी अश्वनी कुमार और निगमायुक्त ज्ञानेश भारती की मौजूदगी में समृद्धि 2022-23 योजना को लॉन्च किया है।
- अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन में भारत की प्रतिनिधि, शेफाली जुनेजा को संयुक्त राष्ट्र की विशेष विमानन एजेंसी की वायु परिवहन समिति की अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। भारतीय राजस्व सेवा के 1992 बैच के अधिकारी जुनेजा ने आईसीएओं में शामिल होने से पहले नागरिक उड्डयन मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्य किया। भारत ने 28 साल बाद आईसीओ में यह स्थान हासिल किया।
- जीईएसी ने आनुवंशिक रूप से संशोधित सरसों की व्यावसायिक खेती के प्रस्ताव को फिर से मंजूरी दी। जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति ने आनुवंशिक रूप संशोधित सरसों की किस्म डीएमएच 11 के पर्यावरणीय में रिलीज की सिफारिश की। सिफारिश अब पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरी के लिए जाएगी। इससे पहले जीईएसी ने 2017 में प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, तब मंत्रालय ने इसे वीटो कर दिया था और सुझाव दिया था कि जीईएसी को जीएम फसल पर और अध्ययन करना चाहिए।
- लद्दाख में सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल ने लेह से मैं भी सुभाष अभियान की शुरुआत की। मैं भी सुभाष अभियान कार्यक्रमों की एक श्रृंखला है जो संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से नेताजी सुभाष चंद्र बोस आईएनए ट्रस्ट द्वारा आयोजित की जाती है। अगले साल 23 जनवरी को नेताजी की 125वीं जयंती के मौके पर मैं भी सुभाष अभियान का आयोजन हो रहा है।
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-मद्रास और नासा जेट प्रोपल्सन लैबोरेटरी के शोधार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर सूक्ष्म जीवों के बीच परस्पर क्रिया का अध्ययन किया है। अध्ययन में आईएसएस पर मौजूद सूक्ष्म जीव को कई अन्य सूक्ष्म जीवों के लिए फायदेमंद पाया गया, लेकिन इसने कवक की वृद्धि को नुकसान पहुंचाया। यह अध्ययन अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर सूक्ष्म जीवों के संभावित प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए रणनीतियां तैयार करने में मदद करेगा।
- सरकार ने संगीता वर्मा को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग का कार्यवाहक चेयरपर्सन नियुक्त किया। वर्मा वर्तमान में सीसीआई की सदस्य है। इस संबंध में जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, वर्मा की नियुक्ति से तीन महीने की अवधि, नियमित चेयरमैन की नियुक्ति तक या किसी भी अगले आदेश तक प्रभावी है।
- दुनिया के सबसे महान फिल्मकारों में शुमार सत्यजित रे आइकोनिक फीचर फिल्म पाथेर पांचाली को इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म क्रिटिक्स ने सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्म घोषित किया है। 1955 में आई भारतीय सिनेमा की यह ऐतिहासिक फिल्म मुकाबले में सबसे आगे रही और टॉप 10 की लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया। पाथेर पांचाली के इस नए माइल स्टोन का ऐलान एफआईपीआईएससीआई की और से कराये गये मतदान के बाद किया गया।
- कोका-कोला का नींबू और नींबू के स्वाद वाला शीतल पेय स्प्राइट भारतीय बाजार में एक अरब डॉलर का ब्रांड बन गया है। कंपनी ने इस साल की तीसरी तिमाही में अपने भारतीय कारोबार में मात्रा के लिहाज से मजबूत वृद्धि दर्ज की है। इसकी इस शानदार वृद्धि में सॉफ्ट ड्रिंक पोर्टफोलियो और फ्रूट ड्रिंक ब्रांड माजा का योगदान रहा है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व बचत दिवस (World Savings Day) प्रति वर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 30 अक्टूबर (B) 31 अक्टूबर
(C) 1 नवंबर (D) 2 नवंबर

**(A)** विश्व बचत दिवस प्रत्येक वर्ष 30 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन लोग बचत संबंधी विभिन्न गतिविधियों से जुड़ते हैं, ताकि अपने आने वाले कल को सुरक्षित और संरक्षित रखा जा सके। 31 अक्टूबर 1924 को विश्व बच दिवस के रूप में नामित किया गया।




**2. आकाश फॉर लाइफ सम्मेलन कहाँ आयोजित होगा ?**

(A) जयपुर (B) देहरादून
(C) नागपुर (D) नई दिल्ली

**(B)** आकाश तत्व-आकाश फॉर लाइफ पर पहला सम्मेलन 5 से 7 नवंबर तक देहरादून में आयोजित होगा। तीन दिवसीय सम्मेलन पारंपरिक और आधुनिक ज्ञान के संगम को प्रदर्शित करेगा। इस कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति के साथ-साथ भारत के युवाओं को प्राचीन विज्ञान के ज्ञान से भी परिचित कराना है।




**3. भारतीय नौसेना की मेजबानी में सिम्बेक्स अभ्यास 2022 का आयोजन कब से कब तक किया जा रहा है ?**

(A) 24 से 28 अक्टूबर तक (B) 25 से 29 अक्टूबर तक
(C) 26 से 30 अक्टूबर तक (D) 27 से 31 अक्टूबर तक

**(C)** भारतीय नौसेना की मेजबानी में 26 से 30 अक्टूबर तक सिम्बेक्स अभ्यास 2022 का आयोजन किया जा रहा है। सिम्बेक्स (Singapore-India Maritime Bilateral Exercise) अभ्यास विशाखापत्तनम में हो रहा है। भारत और सिंगापुर की नौसेनाओं के बीच होने वाले इस द्विपक्षीय नौसैन्य अभ्यास का यह 29वाँ संस्करण है।



**4. हाल ही में किस राज्य सरकार ने यूएसएआईडी के सहयोग से भारत में जंगलों के बाहर पेड़ (टीओएफआई) कार्यक्रम शुरू किया ?**

(A) असम (B) तेलंगाना
(C) कर्नाटक (D) गुजरात

**(A)** असम सरकार ने यूएसएआईडी के सहयोग से भारत में जंगलों के बाहर पेड़ कार्यक्रम शुरू किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों, कंपनियों और निजी संस्थानों को जंगल के बाहर वृक्षों के कवरेज का विस्तार करने के लिए एक साथ पर लाना है। यह कार्बन पृथक्करण को भी बढ़ाएगा और कृषि के क्लाइमेट रिजीलियंस को मजबूत करेगा।



**5. हाल ही में संदीप बख्शी को किस बैंक का MD & CEO पुनः नियुक्त किया गया है ?**

(A) HDFC बैंक (B) भारतीय स्टेट बैंक
(C) ICICI बैंक (D) इंडियन ओवरसीज बैंक

**(C)** हाल ही में संदीप बख्शी को आईसीआईसीआई बैंक का MD & CEO पुनः नियुक्त किया गया है। बोर्ड ने सर्वसम्मति से श्री संदीप बख्शी की पुनर्नियुक्ति को 4 अक्टूबर, 2023 से 3 अक्टूबर, 2026 तक तीन साल की अवधि के लिए मंजूरी दे दी, जो RBI और बैंक के शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है।





**6. हाल ही में अभियान सुमंगलम चर्चा में था, यह किससे संबंधित है ?**

(A) कुपोषण से निपटने से

(B) पर्यावरण समस्याओं के समाधान से

(C) मधुमेह पर अंकुश लगाने से

(D) जंगल की आग की रोकथाम से

**(B)** ग्लोबल वार्मिंग ओर जलवायु जैसी पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान भारतीय परिप्रेक्ष्य में खोजने के लिए देश में सुमंगलम अभियान चलाया जा रहा है। भारतीय पारंपरिक ज्ञान प्रणाली के दृष्टिकोण से, पंचमहाभूत पर देश भर में पांच राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।



**7. निम्नलिखित में से कौन फर्स्ट-माइल कनेक्टिविटी का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

(A) कोयले का परिवहन (B) सरकारी योजनाओं के बारे में जन जागरूकता

(C) जनजातीय क्षेत्रों में स्कूल (D) एक्सप्रेसवे का प्रचार

**(A)** हाल ही में कोयला मंत्रालय ने कोयले की निर्बाध निकासी के लिए 68 फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनों को हाथ में लिया। फर्स्ट-माइल कनेक्टिविटी का तात्पर्य पिथेड से डिस्पैच पॉइंट तक कोयले के परिवहन से है। फर्स्ट-माइल कनेक्टिविटी परियोजनाएं मैनुअल हस्तक्षेत्र को कम करेंगी, साथ ही पहले वजन किए हुए सटीक मात्रा, कम लोडिंग समय और कोयले की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगी।



**8. इसरो के सबसे भारी रॉकेट LVM3 M2 ने कितने उपग्रहों को ऑर्बिट में स्थापित किया है ?**

(A) 31 (B) 34

(C) 36 (D) 40

**(C)** LVM3 M2 को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पैड से लांच किया गया है। इसके साथ ही ब्रिटेन स्थित ग्राहक के लिए 36 ब्रॉडबैंड संचार उपग्रहों को निचली कक्षा में स्थापित किया गया। इस लॉन्च के साथ LVM3 ने कमर्शियल लॉन्च सर्विस मार्केट में प्रवेश कर लिया है।



**9. झुलसती पृथ्वी नीति का प्रयोग किस संदर्भ में किया जाता है ?**

(A) खनिज अनुसंधान (B) सैन्य रणनीति

(C) तेल अन्वेषण (D) समुद्री जीवन

**(B)** झुलसती पृथ्वी नीति एक सैन्य रणनीति का हिस्सा है। इसके तहत ऊर्जा आपूर्ति, पुलों, प्रोविजनल स्टोर, कृषि क्षेत्र, सड़क और रेलवे लिंक आदि सहित दुश्मन के लिए उपयोग की जाने वाली किसी भी चीज को नष्ट करने का प्रयास किया जाता है। यह विनाश दुश्मन द्वारा या किसी देश की पीछे हटने वाली सेना द्वारा किया जा सकता है जो नहीं चाहता कि आक्रमणकारी उनके संसाधनों का उपयोग करें।



**10. हाल ही में विश्व बैंक ने 1960 की सिंधु जल संधि को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच असहमति और मतभेदों को देखते हुए किसे किशनगंगा और रातले जलविद्युत संयंत्रों के संबंध में मध्यस्थता न्यायालय का अध्यक्ष नियुक्त किया है ?**

(A) संतरे मालो (B) डेविड मल्पास

(C) मौंज देसाई (D) सियान मर्फी

**(D)** सिंधु जल संधि के तहत पूर्वी नदियों-सतलज, व्यास, रावी के पूरे जल का भारत बेरोक टोक इस्तेमाल कर सकता है और पश्चिमी नदियों सिंधु, झेलम और चेनाब का जल मुख्य रूप से पाकिस्तान को आवंटित किया गया है। इसके अलावा माइकल लिनो को तटस्थ विशेषज्ञ नियुक्त किया गया है।